बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

**आवश्यक सूचना**

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में व्याख्याता के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित **वि.सं. 36/2014 (असैनिक अभियंत्रण/टेक्नोलॉजी)** की परीक्षा, जो पूर्व में **दिनांक 30.03.2016** को ली गई थी और जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दी गई, में उपस्थित उम्मीदवारों की लिखित वस्तुनिष्ठ पुर्नपरीक्षा **दिनांक 16.07.2016** (दिन– शनिवार) को एक पाली में **(समयः– 12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक)** आयोजित की जायेगी।

2. **विज्ञापन संख्या 36/2014 की लिखित वस्तुनिष्ठ पुनर्परीक्षा में मात्र वही उम्मीदवार सम्मिलित होंगे, जो दिनांक 30.03.2016 को लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा में उपस्थित थे। उपस्थित उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र आयोग के वेबसाईट पर परीक्षा की निर्धारित तिथि के एक सप्ताह पूर्व से उपलब्ध रहेंगे, जिन्हें डाउनलोड कर उम्मीदवार परीक्षा में भाग ले सकते हैं।**
3. **उम्मीदवारों को डाक से (By Post) प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे।**
4. सभी उम्मीदवार परीक्षा की तिथि को परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश पत्र के अतिरिक्त कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र, यथा मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि मूल में एवं इसकी एक छायाप्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे।
5. सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि इस परीक्षा में शामिल होने मात्र से आपकी अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। परीक्षाफल प्रकाशन के किसी भी स्तर पर आपकी अर्हता की समीक्षा करने के उपरान्त उसपर यथोचित निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित होगा।
6. उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर भी उपलब्ध है।

24/6/2016

अपर सचिव,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना